ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 181
मेरठ, गुरूवार, 2 मई 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



मसालों की गुणवत्ता व व्यापारिक कूटनीति के प्रश्न.. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

वैंकटेश्वरा में 'शिक्षक सम्मान समारोह-2024'.... 6

## एक नजर..

### मिसाइल-आधारित आयुध प्रणाली 'स्मार्ट' का सफल परीक्षण



बालासोर (एजेंसी) भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल-आधारित कम भार वाली एक आयुध प्रणाली 'सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो' (स्मार्ट) का सफल परीक्षण किया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रणाली को सुबह करीब आठ बजकर 30 मिनट पर भूमि सचल प्रक्षेपक से प्रक्षेपित किया गया। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण में सममिति पृथक्करण, निकासी, रफ्तार नियंत्रण जैसे कई मानकों को भी परखा गया तथा नतीजे उत्साहवर्द्धक रहे। उन्होंने कहा कि 'स्मार्ट' नयी पीढ़ी की मिसाइल-आधारित कम भार वाली एक आयुध प्रणाली है, जिसमें एक हल्का टॉरपीडो लगाया जाता है और इस टॉरपीडो का इस्तेमाल पेलोड की तरह होता है। इसे भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को कम वजन वाले हल्के 'टॉरपीडो' की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है

### ईडी की गिरफ्त में समालखा के विधायक छोक्कर का बेटा




हरिद्वार,(एजेंसी) घर खरीदारों के साथ कथित तौर पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के समालखा से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोक्कर के पुत्र सिकंदर सिंह को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने यहां बताया कि ईडी की टीम ने मंगलवार देर शाम गिरफ्तारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकंदर और विकास माहिरा एक रियल एस्टेट समूह 'साई आईना फर्म प्राइवेट लिमिटेड' के मालिक व प्रवर्तक हैं। इस कंपनी ने 1497 मकान खरीदारों से 360 करोड़ रुपये लिए थे। ये मकान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गुरुग्राम के सेक्टर-68 में बनाये जाने थे। आरोप है कि बिल्डर लोगों को मकान देने में विफल रहे। ग्राहकों के बार-बार कहने पर भी न तो उन्होंने मकान दिये और न ही उनके पैसे वापस किये। ग्राहकों की शिकायत पर समूह के खिलाफ गुरुग्राम में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी।

### अटारी में 700 करोड़ की ड्रग्स, अहम आरोपी दिल्ली से काबू

नयी दिल्ली, (एजेंसी) एनआईए ने अटारी सीमा पर 700 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त होने के मामले में एक अन्य अहम आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अबतक आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अतहर सईद उर्फ चाचा ने सरगना शाहिद अहमद के निर्देश पर मादक पदार्थ के धंधे से हुई आय का प्रबंधन किया था। एनआईए की जांच से खुलासा हुआ है कि भारत से अफगानिस्तान और फिर संयुक्त अरब अमीरात में मादक पदार्थों की आपूर्ति/बिक्री से होने वाली कमाई के अंतरण के लिए हवाला संचालकों एवं अन्य के नेटवर्क को बनाने में सईद अहम भूमिका निभाता था।

## कानून के अनुचित प्रयोग पर ईडी की आलोचना



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना की। विशेष जज विशाल गोगने ने कहा, 'यदि इतिहास से कोई सबक सीखा जाए तो यही देखने को मिलेगा कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आमतौर पर उन्हीं नागरिकों को निशाना बनाती हैं, जिनकी रक्षा का वे संकल्प लेते हैं। ऐसे कानूनों को हमेशा औसत नागरिकों के खिलाफ लागू करने का आरोप लगाया जाता है। कानून का पालन करने वाले निजी अस्पतालों के डॉक्टरों के खिलाफईडी द्वारा धारा 50 का उपयोग इस धारणा में एक समकालीन योगदान है।'

विशेष जज ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की। इसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर 5 फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कत्याल ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवनशैली का पालन कर सकते हैं।

कत्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी। आरोपी अंतरिम जमानत मिलने के बाद इन डॉक्टरों से अपोलो अस्पताल, दिल्ली और मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इलाज करा रहा था। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के साथ डॉक्टरों की सांठगांठ के रत्ती भर भी आरोप के बिना ईडी के लिए एक सामान्य नागरिक को 'धारा 50 की कड़ी प्रक्रिया' के अधीन करने का कोई औचित्य नहीं है।

## भाजपा न आरक्षण हटाएगी, न कांग्रेस को ऐसा करने देगी : शाह



कोरबा, (एजेंसी) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। मेरा एक वीडियो बनाकर सर्कुलेट किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी जी ने न आरक्षण हटाया, न हटाएंगे।' खड़गे पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, 'खड़गे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते। खड़गे जी बड़ी लंबी सूची है। चार जून को कांग्रेस जैसे ही हारेगी भाई-बहन सुरक्षित रहेंगे, बेचारे 80 साल की आयु के खड़गे जी पर ठीकरा फूटेगा।'

इस महीने सताएगी गर्मी

## हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में सामान्य से अधिक तापमान का अनुमान



नयी दिल्ली, (एजेंसी) उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में इस महीने गर्मी के तेवर तीखे होने वाले हैं। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। वहीं, लू भी सामान्य से ज्यादा दिन चलने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ भागों, आंतरिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है, जो सामान्य से अधिक है। आमतौर पर, उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है। आईएमडी प्रमुख ने बताया कि पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

बारिश से राहत की आस रू इस माह देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है, जो एलपीए (दीर्घावधि औसत) का 91-109 फीसदी हो सकती है। आईएमडी प्रमुख ने बताया कि 1971 से 2020 के आधार पर मई के दौरान वर्षा का एलपीए करीब 61.4 मिमी है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। देश के शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। महापात्र ने बताया कि ओडिशा के कई हिस्से, उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड, दक्षिणी पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

अप्रैल में पूर्वोत्तर से दक्षिण तक चढ़ा पारा

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अप्रैल में औसत न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद से सबसे अधिक था। तूफान की आवृत्ति औसत से कम रहने के कारण तापमान अपेक्षाकृत अधिक रहा।

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद दूसरा सबसे अधिक है। ओडिशा में 2016 के बाद से अप्रैल में सबसे लंबे समय 16 दिन तक लू चली।

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 1980 के दशक से सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान लगातार जारी है।

3 पर हिमाचल में अभी बरकरार है ठंड

शिमला (ज्ञान ठाकुर) रू हिमाचल प्रदेश में मई महीने में भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। अटल रोहतांग दर्रे सहित जनजातीय क्षेत्रों में शिंकुला और बारालाचा दर्रों व कई अन्य स्थानों पर बुधवार को हल्का हिमपात हुआ। मनाली सहित निचले क्षेत्र भुंतर में वर्षा हुई। अब 4-5 मई को प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी के साथ आसमानी बिजली चमकने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना भी है। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल का कहना है कि तापमान में अचानक वृद्धि और गिरावट होने की स्थिति लगातार बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में गुठलीदार फलों के साथ-साथ सेब के पौधों पर आ रहे फूल झड़ने से नुकसान पहुंचा है। बागवानी विभाग के निदेशक विनय सिंह का कहना है कि आकलन संभव नहीं है।

## फर्जी एप निवेश योजना, सीबीआई की 30 जगह छापेमारी




नयी दिल्ली, (एजेंसी) सीबीआई ने 'एचपीजेड टोकन एप' से जुड़ी फर्जी निवेश योजना के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई का आरोप है कि इस योजना में जनता को वर्चुअल 'क्रिप्टो-करंसी माइनिंग मशीन रेंटल' में निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो निजी कंपनियों 'शीगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' और 'लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड' और उनके निदेशकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 419, 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सीबीआई जांच का विरोध, प. बंगाल की याचिका पर सुनवाई आज



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद पर दलीलें दो मई को सुनेगा जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्वानुमति प्राप्त लिए बिना अपनी जांच आगे बढ़ाने का आरोप लगाया गया है।

पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफशीर्ष अदालत में एक मूल वाद दायर किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस लेने के बावजूद संघीय एजेंसी राज्य में प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है।

## मोदी, शाह व योगी की रैलियों से गरमाएगी सियासत

9 को नामांकन वापसी के बाद हरियाणा में होंगी चुनावी सभाएं







नयी दिल्ली, (एजेंसी) हरियाणा में लोकसभा चुनाव का प्रचार 10 मई से पूरे उफान पर होगा। भाजपा ने लोकसभा की सभी दस सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति बना ली है। पार्टी माइक्रो मैनेजमेंट पर काम कर रही है। इसके तहत अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेताओं का हरियाणा में दौरा होगा।

6 मई तक प्रदेश में नामांकन-पत्र दाखिल होंगे। 9 मई नामांकन वापसी की आखिरी तारीख है। इसके बाद ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां होंगी। पार्टी ने लोकसभा की दस सीटों के अलावा करनाल हलके में होने वाले विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों का ऐलान होने के दौरान दो बार दक्षिण हरियाणा में आ चुके हैं। मोदी रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के लिए आए थे। इसके बाद मोदी द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने के लिए गुरुग्राम आए थे। भाजपा ने अब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की रैलियां उत्तरी व मध्य हरियाणा के लिए प्रस्तावित की हैं। पार्टी जानकारों के अनुसार, प्रधानमंत्री को अम्बाला छावनी के गांधी मैदान में बुलाए जाने की योजना पर मंथन किया जा रहा है। यहां से मोदी अम्बाला व कुरुक्षेत्र लोकसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। भाजपा द्वारा अम्बाला छावनी, सिरसा तथा सोनीपत अथवा जींद के लिए मोदी की रैलियों पर विचार किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करनाल लोकसभा के राजपूत बहुल क्षेत्रों में रैली करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम भी हरियाणा के लिए तय हो गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम संगठन द्वारा तय किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दस मई के बाद हरियाणा दौरे पर आएंगे।

रैलियां कहां होगी और किस नेता को कहां पर बुलाया जाएगा यह वहां की भूगौलिक एवं राजनीतिक स्थिति को देखने के बाद हाईकमान को भेज दिया है। इसी सप्ताह में हाईकमान की स्वीकृति मिलने के बाद रैलियों का आयोजन किया जाएगा। पार्टी द्वारा हरियाणा के लिए तय किए गए स्टार प्रचारकों में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नाम शामिल हैं।

इसी तरह, स्मृति ईरानी, हेमा मालिनी, मनजिंद्र सिंह सिरसा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डॉ सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ सतीश पूनिया, सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर, सीएम नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर, नवीन जिंदल, कुलदीप बिश्नोई, सुभाष बराला, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, फणीन्द्र नाथ शर्मा, अनिल विज, कंवर पाल गुर्जर, प्रो रामबिलास शर्मा, कैप्टन अभिमन्यु स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा, वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, पीडब्ल्यूडी मंत्री डॉ बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, समाज कल्याण मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि, डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सिरसा की मौजूदा सांसद सुनीता दुग्गल व सिरसा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। ये नेता प्रदेशभर में प्रचार करेंगे।

## जीएसटी संग्रह पहली बार दो लाख करोड़ के पार




नयी दिल्ली, (एजेंसी) देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से यह संग्रह बढ़ा है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

मार्च महीने में यह 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, पिछले महीने केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रुपये रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रुपये रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह उपलब्धि हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय व राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एकीकृत जीएसटी निपटान के बाद राज्यों का कोई बकाया लंबित नहीं है।' रिफंड के बाद अप्रैल 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है।

एक नजर..

## व्यापारियों ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर एसपी को किया सम्मानित



नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पंजीकृत उत्तर प्रदेश बड़ौत बागपत द्वारा व्यापारियों के पूर्णतः सहयोग के लिए एवं चुनाव व्यवस्था शांतिपूर्ण कराने के लिए बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय को सम्मानित किया गया। मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर उन्हें फूल माला पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी बागपत ने कहा प्रशासन द्वारा व्यापारियों का पूर्ण सहयोग किया जाएगा इस अवसर पर व्यापारियों ने बागपत क्षेत्राधिकारी हरीश भडौरिया का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पंजीकृत उत्तर प्रदेश बड़ौत बागपत के जिला अध्यक्ष अरुण तोमर बॉबी,नगर अध्यक्ष मुदित जैन,जिला महामंत्री नवनीत जैन एवं व्यापारी निशांत जैन रहे।

## सारथी की रसोई में जरूरतमंदो ने किया भरपेट भोजन

नीलकंठ /युरेशिया




बड़ौत।सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को सारथी की 17 वीं रसोई का शुभारंभ बड़ौत में मां अन्नपूर्णा को भोग समर्पित कर किया गया। रसोई का उद्घाटन बाल रोग चिकित्स्क डॉक्टर अभिनव ने किया। डॉ अभिनव ने बताया कि इस प्रकार की रसोई द्वारा जरूरतमंद की मदद होती ।वे मात्र 5 रूपये में उच्च कोटि का शाकाहारी भोजन कर रहे है यह अत्यंत हर्ष का विषय है। आनन्द वर्मा ने बताया रसोई के प्रसाद में आम जनों , मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, राहगीरों को एवं अन्य वर्ग के सभी लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया जाता है जितनी उत्सुकता खाने वालों को होती है। चेयरपर्सन वन्दना गुप्ता ने बताया सारथी की रसोई में लगभग 800 से लगभग 1000 लोग भोजन करते है। सभी के सहयोग से कराया जा रहा है और आगे भी यह सेवा निर्वाध रूप से चलती रहेगी। इस मौके पर वन्दना गुप्ता,मीता अरोरा ,सोनम जैन ,ममता अरोरा,मेघा मित्तल,मोनिका, सारिका,विकास गुप्ता,अनिल अरोरा,रजनीश जैन,विपिन सिंघल,अभिषेक जैन, आदित्या भारद्वाज अंकुज खोकर,सचिन खोकर,दीपांशु वर्मा,आनन्द, सत्यम जैन , आदि मौजूद रहे।

# हीटवेव से बचाव हेतु रोगीयो के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत में, जिलाधिकारी ने तैयारी का लिया जायजा






### जिला अस्पताल सहित ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोल्ड रूम किए गए स्थापित
### मरीज के लिए अस्पताल में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता का जिलाधिकारी ने किया टेस्ट

युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज जिला अस्पताल पहुंचकर मई ,जून माह में संभावित हीटवेव के दृष्टिगत हीट वेव (गर्मी ध्लू) से बचाव के लिए जिला अस्पताल में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने हीटवेव से बचाव हेतु रोगीयो के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत में की गई तैयारीओ का आकस्मिक निरीक्षण किया ,निरीक्षण के दोरान ओ0आर0एस0 काउंटर, कोल्ड रुम, हीट स्ट्रोक वार्ड, इमरजेन्सी मेडिसन, आईसपैक एवं स्प्रे बोतल इत्यादि की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को जांचा गया जो कि अतिउतम पाई गई। जिलाधिकारी ने एन0आर0सी, जनरल वार्ड इमरजेन्सी वार्ड, आई0सी0यू वार्ड,का भी निरीक्षण किया जिसमे समुचित व्यवस्था ठीक मिली उन्होंने निर्देश दिए कि मरीज के प्रति किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी हीट वेव स्ट्रोक के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रहे इसके लिए जिला अस्पताल में 10 बेड़ो का कोल्ड रूम स्थापित किया गया है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में4 चार बेड़ो का कोल्ड रूम स्थापित किया गया है। हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु रोगीयो एवं उनके साथ आये तिमरादारो की काउंसलिंग करने के लिए शासन द्वारा जारी ओडियो ऐड का प्रसारण चलता पाया गया।

संयुक्त जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बनने वाले भोजन की जिलाधिकारी ने गुणवत्ता चेक की उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को अच्छा बताया ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर कुमार ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के चौधरी सहित आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

# सेंट एंजेल्स में टेबल-टेनिस प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

विपुल जैन / युरेशिया



बागपत। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय इन्टर हाउस टेबल-टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने दीप प्रज्वलित करके किया। आज प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर ब्लू, रेड, ग्रीन, यैलो हाउस के बीच प्रथम चरण के मैच खेले गये। बालको के सीनियर वर्ग में पहला मैच यैलो हाउस के समर्थ व रेड हाउस के शिवम के बीच खेला गया, जिसमें येलो हाउस के समर्थ ने रेड हाउस के शिवम को 11-06 व 11-07 से हराकर प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रवेश किया। इसके अलावा ग्रीन हाउस के अनमोल ने रेड हाउस के श्रेष्ठ को 11-09 व 11-08 से, ग्रीन हाउस के आरव ने यैलो हाउस के समर को 12-10, 10-12 व 11-04 से, ब्लू हाउस के भविष्य ने यैलो हाउस के संयम को 11-08 व 11-05 से, रेड हाउस के भरत ने यैलो हाउस के देव को 11-07 व 11-03 से, रेड हाउस के अर्पित ने ग्रीन हाउस के वंश को 11-05 व 09-11 व 11-07 से हराकर द्वितीय चरण में प्रवेश किया। बालकों के जूनियर वर्ग में ग्रीन हाउस के असद ने रेड हाउस के विनायक को 11-07 व 11-04 से, रेड हाउस के विराट ने यैलो हाउस के हर्ष को 12-10 व 11-09 से, ग्रीन हाउस के यथार्थ ने यैलो हाउस के सिद्धांत को 11-09 व 11-08 से, यैलो हाउस के हर्षित ने रेड हाउस के आर्यन को 11-05 व 11-06 से हराकर द्वितीय चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच कल खेले जाएंगे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता के इस अवसर पर पीटीआई राजीव, अजीत, विशाल, बबलेश, गौरव, सुमित, हनुराज, ममता, निधि, ज्योति, सुमन, प्रवीण आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## जवाहरपुर मेवला गांव में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



बागपत के जवाहरपुर मेवला गांव में हुए हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते युवा

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। समाज सुधार सेवा समिति जवाहरपुर मेवला द्वारा गांव के शिव मंदिर में विधि- विधान के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया।

इसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव का शिव मंदिर जय श्री राम और जय बजरंगबली जी के जयकारो से गूंज उठा। हनुमान चालीसा के पाठ के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला राकेश आर्य प्रशांत गुर्जर प्रवेश मेवला संदीप गुर्जर सौरभ सागर तोगड विक्की लोकेश उधम सिंह निशांत मुंडेल राहुल संदीप अभिषेक प्रवीण अक्की गुर्जर अर्जुन अनुज वरुण मुंडेल रोहित मास्टर निखिल आदि मौजूद रहे।

## मजदूर दिवस पर भी प्रशासन ने मजदूरों की नहीं लीं सुध



नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। नगर में मजदूर दिवस पर भी बड़ौत के श्रमिकों की प्रशासन ने कोई सुध नहीं लीं। बड़ौत श्रमिक संगठन के पदाधिकारी लेबर इंस्पेक्टर बड़ौत और लेबर कमिश्नर से मिलने के लिए इंतजार करते रह गए। इसके बाद श्रमिक संगठन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा संगठन के पदाधिकारियो को साथ लेकर तहसील बड़ौत पहुंचे जहां उन्होंने उप जिलाधिकारी को मजदूरों की साप्ताहिक छुट्टी के लिए एक ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बड़ौत नगर में अवकाश की घोषणा की गई है,लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की मिली भगत से साप्ताहिक बंदी के बावजूद भी बाजार खोले जा रहे हैं। जिसके कारण श्रमिकों को एक सप्ताह में भी कोई अवकाश नहीं मिल पाता और उनके आवश्यक कार्य भी अवकाश न मिलने के कारण पूर्ण नहीं हो पाते हैं। इस अवसर पर उनके साथ सलाहकार शिक्षक नेता जितेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

# किसान को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपया 2275/प्रति कुन्तल मिलेगा

### जनपद में 18 गेहूं के केंद्र किए गए संचालित
### गेहूँ की बिक्री हेतु कृषकों खाद्य विभागीय पोर्टल बि.नच.हवअ.पद पर पंजीकरण /नवीनीकरण कराना अनिवार्य
### जनपद में 458 मेट्रिक टन गेहूं की 18 केंद्रों पर हुई खरीदारी
### गेहूं क्रय केंद्रों पर किसान को ना हो कोई समस्या किसानों को जल्द से जल्द किया जाए भुगतान

युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गेहूं क्रय केंद्रों पर समस्त मानक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गेहूँ खरीद 2024-25 के अन्तर्गत कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा 2275/-रू0 प्रति कु0 की दर से गेहूँ का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। सरकारी क्रय केन्द्र पर गेहूँ विकय से पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण खाद्य विभाग के पोर्टल बि.नच.हवअ.पद पर कराया जा सकता है। यह पंजकीकरण कृषक द्वारा स्वयं अथवा जन सूचना केन्द्र, साइबर कैफे, किसान मित्र ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। इस वर्ष ओ0टी0पी0 आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है, जिसके लिये किसान बन्धु पंजीकरण के समय अपना आधारलिंक्ड मोबाईल नम्बर ही अंकित करायें, जिससे एस0एम0एस0 द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 को भरकर पंजीकरण प्रकिया पूर्ण की जा सके। पंजीकरण कराते समय कृषक को अपनी खतौनी में अंकित समस्त नामों में अपना नाम चुने जाने का विकल्प ऑनलाईन उपलब्ध है। किसान भाईयों को अपने आधार कार्ड में अंकित नाम व संख्या तथा लिंग सही-सही भरना है। इस वर्ष बटाईदारों के पंजीकरण कराते हुये गेहूँ बिकी की जा सकेगी।

विणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ की खरीद की सम्पूर्ण प्रकिया ऑनलाईन सम्पन्न होगी तथा कृषकों का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से किया जायेगा। पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से त्वरित भुगतान सुनिश्चित हो सके, इसके लिए कृषको से अपील है कि वह अपना बैंक खाता सी0बी0एस0 युक्त ऐसी बैंक शाखा में खुलवायें जिसमें पी0एफ0एम0एस0 की सुविधा उपलब्ध हो तथा बैंक खाता एन0पी0सी0आई0 से लिंक होना अनिवार्य है। कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपना गेहूँ बेचने हेतु पंजीकरण समय से करा ले तथा गेहूँ विक्रय के समय पंजीकरण प्रपत्रों के साथ-साथ कम्प्यूटराईज खतौनी, फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति एवं आधार कार्ड अवश्य साथ में लायें तथा गेहूँ विक्रय के उपरान्त केन्द्र प्रभारी से पावती रसीद अवश्य प्राप्त कर लें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की गेहूं खरीद का भुगतान शीघ्र से शीघ्र किया जाए किस को किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

जनपद में दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक 458 मेट्रिक टन गेहूं की 18 केंद्रों पर खरीदारी की गई है जिसमें 92 लाख रुपए का किसानों का भुगतान कर दिया गया है किसान को गेहूं का भुगतान जल्द से जल्द किया जा रहा है।

जनपद बागपत में कुल 18 गेहूँ कय केन्द्र जनपद की तीनों तहसीलों में स्वीकृत किये गये है। तहसील बागपत में खाद्य विभाग का बागपत गेहूँ कय केन्द्र, भा0खा0नि0 का पी0ई0जी0 गोदाम बागपत (अहेडा) गेहूँ कय केन्द्र, एवं पी0सी0एफ0 कय संस्था का बी0पैक्स मीतली, बी0पैक्स, सररूरपुर कला, बी0पैक्स मुकारी, बी0पैक्स खटटाप्रहलादपुर एवं बी0पैक्स बालैनी गेहूँ कय केन्द्र, तहसील खेकड़ा में खाद्य विभाग का खेकड़ा मण्डी गेहूँ कय केन्द्र, पी0सी0एफ0 कय संस्था का बी0पैक्स लहचौडा, बी0पैक्स फिरोजपुर, बी0पैक्स सिंगौलीतगा, कय विक्रय समिति खेकड़ा, बी0पैक्स बड़ागांव एट मुबारिकपुर एवं बी0पैक्स रटौल गेहूं कय केन्द्र एवं तहसील बड़ौत में खाद्य विभाग के बड़ौत मण्डी गेहूँ कय केन्द्र, भारतीय खाद्य निगम का बड़ौत मण्डी गेहूँ, कय केन्द्र, एवं पी0सी0एफ0 संस्था का बी0पैक्स नागल एट कुर्डी एवं बी0पैक्स दाहा गेहूँ कय केन्द्र स्वीकृत है।

रबी विणन वर्ष 2024-25 में गेंहूँ क्रय की अवधि सम्पूर्ण उ0प्र0 के लिए 01 मार्च 2024 से 15 जून 2024 तक प्रभावी रहेगी।,सभी गेहूँ केन्द्र प्रातः 9.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक खुले रखे जा रहे है । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सहायक आयुक्त सहकारिता इंदु सिंह , खाद्य विपणन अधिकारी अरुण कुमार, सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक निर्माण श्रमिक फाउंडेशन ने एसडीम को सोपा ज्ञापन




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। श्रमिक दिवस के उपलक्ष पर सामाजिक निर्माण श्रमिक फाउंडेशन द्वारा 9 सूत्र भवन निर्माण श्रमिकों से संबंधित लाभान्वित योजनाओं के संबंध में एसडीम मेरठ को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें संगठन पदाधिकारी अमर कुमार आजाद ,रामवीर बादल, तान्या वर्मा, संगीता शर्मा,इब्राहिम अली, शिवम, अमित,राहुल आर्य, राजकुमार ,गुलनाज, अनिल आदि उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को किया गया जागरूक

### स्कूल के बच्चों द्वारा रंगोली, नुक्कड़ नाटक, गायन तथा नृत्य के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक
### मतदाता जागरूकता हेतु बनाई गई मानव श्रृंखला



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज अकबरपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मतदाता जागरूकता गुब्बारे उड़ाकर स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रश्नोत्तरी, रंगोली,मेंहदी, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में बच्चों ने मतदाता जागरूकता हेतु भारत के नक्शे में मानव श्रृंखला बनाई तथा उसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मतदान करने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। स्वीप के नोडल अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सभी प्रधानाचारयों से अपील की गयी कि अभिभावक शिक्षक मीटिंग में मतदान के लिये सभी को प्रेरित करें।मंच का संचालन अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम के दौरान मौके पर प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी ,डॉ तारा वर्मा हरेंद्र यादव, विद्या देवी,रेनु वर्मा ,विभा सिंह, फादर विल्सन,वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक कुमार पाठक,डॉ प्रियंका तिवारी, सत्यवती, सरिता ,प्रबुद्ध सिंह, हिंदुस्तान के अजित कुमार सिंह, तथा अन्य अधिकारीध् कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## बसपा के विकास कार्यों को आज भी अम्बेडकरनगर की जनता कर रही है याद- रोहित प्रजापति

युरेशिया संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिला पंचायत सदस्य रोहित प्रजापति लोकसभा प्रत्याशी कमर हयात अंसारी के पक्ष में लोगों से मिलकर बसपा सरकार में किए गए विकास कार्यों को याद दिला रहे हैं।रोहित प्रजापति लगातार जनसंपर्क कर लोगों से बहुजन समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कमर हयात अंसारी को जिताने की अपील कर रहे हैं। कमर हयात अंसारी जलालपुर नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं बसपा ने पहले कमाल शाह को प्रत्याशी बनाया था कुछ ही दिन बाद फिर कमर हयात को पार्टी सुप्रीमो ने लोकसभा का प्रत्याशी बनाया फ्लिहाल अभी तो जनता के बीच जाकर सब अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। 4 जून को मत गणना के बाद पता चलेगा जिले की जनता किस पार्टी के उम्मीदवार के सर पर ताज देखना चाहती है। और क्षेत्र की जनता कौन सी पार्टी के प्रत्याशी पर भरोसा जताती है। वहीं लगातार बहुजन समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कमर हयात अंसारी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने की अपील कर रहे जिला पंचायत सदस्य रोहित प्रजापति का कहना है कि अम्बेडकरनगर की जनता बसपा सरकार में हुए विकास कार्यों को याद कर रही है। जिसके चलते बसपा प्रत्याशी कमर हयात अंसारी को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।



## संपादकीय

### नशे की सुनामी
### समुद्री रास्ते से नशीले पदार्थों की तस्करी


संजय त्यागी 'महादेव'

हाल ही में एक पाकिस्तानी नौका से छह सौ करोड़ मूल्य की 86 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी भारत में नशे के बढ़ते कारोबार में विदेशी साजिश का खुलासा करती है। वैसे यह अकेली घटना नहीं है, हाल ही के वर्षों में अरबों रुपये के नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई है। दरअसल, कई देशों के सत्ता प्रतिष्ठानों की मिलीभगत से नार्को-आतंकवाद के एक बड़े पैटर्न को अंजाम दिया जा रहा है। निश्चित तौर पर यह साजिश हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये एक गंभीर चुनौती है। पुराने अनुभव बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर व पंजाब में नशे के कारोबार से अर्जित धन को आतंकवाद के पोषण में लगाया गया। आतंकवादियों को हथियार व पैसा उपलब्ध कराया गया। पिछली मई में भी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी और नौसेना के साझे मिशन के जरिये केरल तट पर ढाई हजार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत पंद्रह हजार करोड़ रुपये बतायी गई थी। यह देश में बरामद अब तक की सबसे बड़ी नशे की खेप थी। गत माह गुजरात के तट पर साठ पैकेट ड्रग्स ले जा रही एक नौका को जब जब्त किया गया तो छह पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह फरवरी में पोरबंदर तट पर पांच विदेशी नागरिकों को चरस व 3300 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा गया था। दरअसल, इस नशे के कारोबार की शुरुआत अक्सर अफगानिस्तान से होती है, जहां अफीम व हेरोइन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। नशे का यह कारोबार अब अफगान सरकार की आय का बड़ा स्रोत भी है। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम समुद्र के जरिये मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिये गंभीर उपायों की जरूरत बताता है। जिसके लिये मजबूत कानून, प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी, कुशल खुफिया-साझाकरण तंत्र, नौसेना व तटरक्षक बलों में तालमेल तथा आतंकरोधी दस्ते के जरिये निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है।

यह भी विचारणीय प्रश्न है कि ये नशीले पदार्थ किस तरह व कहां भारत में बेचे जा रहे हैं। नशीले पदार्थों के मांग पक्ष को भी संबोधित करने की जरूरत है। नशीली दवाओं की रोकथाम के साथ ही पुनर्वास कार्यक्रमों में निवेश किया जाना चाहिए। साथ ही नशे के खिलाफयुवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन उपायों को लागू करना होगा जो युवाओं को नशे से दूर रखने में मददगार हो सकें। जब भी नशे की कोई बड़ी खेप बरामद होती है तो हमारी चिंता बढ़ जाती है। सोमवार को पंजाब में नशे की एक बड़ी खेप के साथ ड्रग मनी व अन्य अवैध सामान बरामद किए गए।

इस काले धंधे में अभियुक्त व्यक्ति ही नहीं, उसकी बेटी व दामाद भी लिप्त थे। यह नशे का सामान पाकिस्तान के रास्ते भारत पहुंच रहा था। सवाल उठता है कि यदि इतने बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी न होती तो कितने युवा नशीले पदार्थों का सेवन करके पथभ्रष्ट होते? देश का कितना धन विदेशों को चला जाता? इस नशे से मिलने वाला धन कालांतर में आतंकवाद व अपराध की दुनिया को मजबूत करता। हाल ही के दिनों में नशीले पदार्थों की भारी मात्रा में बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती कि देश में नशीले पदार्थों की खपत लगातार बढ़ रही है। जो निश्चित रूप से देश की युवा शक्ति को पतन के मार्ग की ओर ले जा रही है। देखा गया है कि नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले युवा कालांतर महंगा नशा जुटाने के लिये अपराध की दुनिया में उतर जाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पंजाब व देश के अन्य भागों में हर साल हजारों युवा नशे की ओवरडोज से मौत की गिरफ्त में आ जाते हैं। ऐसे में देश के भविष्य को बचाने के लिये हमें राष्ट्रीय स्तर पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने होंगे। पिछले वर्ष पंजाब में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थ भारत लाये जाने के तमाम मामले प्रकाश में आए। कई ड्रोन मार गिराये गए और भारी मात्रा में नशीले पदार्थ व हथियार भी बरामद किये गए। इन हालात में सुरक्षातंत्र को मजबूत करने, नशा मुक्ति अभियान चलाने व नशेड़ियों के पुनर्वास के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है।

## सत्ताकामी राजनीति में अतृप्त आत्माएं

विश्वनाथ सचदेव



पहले टिकट के लिए और फिर चुनाव जीतने के लिए भटकते उम्मीदवारों की राजनीति के बारे में तो अक्सर सुनते रहे हैं, पर अब देश की राजनीति में भटकती आत्माओं ने भी प्रवेश कर लिया है। यह खोज करने का श्रेय भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को जाता है। पुणे की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को बताया कि यह भटकती आत्माएं वे हैं जिनकी इच्छाएं पूरी नहीं होती तो वे दूसरों के काम खराब करने लगती हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसी किसी आत्मा का नाम तो नहीं लिया, पर यह समझना किसी के लिए भी मुश्किल नहीं था कि उनका निशाना किस पर है। बिना नाम लिये ही प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया था कि पैंतालीस साल पहले महाराष्ट्र में कौन-सी आत्मा ने इस तमाशे की शुरुआत की थी। पैंतालीस साल पहले महाराष्ट्र के तब के युवा नेता शरद पवार ने राज्य की कांग्रेस सरकार में विद्रोह कराया था और वे राज्य में सबसे युवा मुख्यमंत्री बन गये थे। तब से लेकर आज तक शरद पवार कई पार्टियां बना-बिगाड़ चुके हैं। इस दौरान यह बात भी कई बार सामने आई कि पवार स्वयं प्रधानमंत्री बनने का सपना देखते रहे थे। उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो पायी, और अब इसकी कोई संभावना भी नहीं दिख रही। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी बात पर निशाना साधते हुए हमारी राजनीति की अतृप्त आत्माओं के भटकने वाली बात कही है।

प्रधानमंत्री के निशाने पर भले ही शरद पवार रहे हों, पर हमारी आज की राजनीति की यह एक कड़वी सच्चाई है कि 'अतृप्त आत्माएं' लगातार भटकती फिर रही हैं। जिस तरह से, और जिस गति से आज यह भटकाव दिख रहा है, वह साफ-सुथरी और सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा करने वालों के लिए आश्चर्य और पीड़ा का विषय होना चाहिए। दल-बदल हमारी राजनीति का एक स्थाई मुद्दा बन चुका है। सच बात तो यह है कि अब यह एक ऐसी बीमारी बन चुका है जिसका शिकार हर राजनीतिक दल हो रहा है। था कोई जमाना जब अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दल बदल करने वाले को घटिया राजनीति का उदाहरण माना जाता था, उसे घटिया नजर से देखा जाता था। बहुत ज्यादा उदाहरण नहीं दिखते थे इस बात के। पर अब ऐसी कोई बात नहीं रही। अब न दल बदलने वाले को शर्म आती है और न ही किसी राजनीतिक दल को इस बात की कोई चिंता है कि उस पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगता है। हमारी राजनीति की इन भटकती आत्माओं का ताजा उदाहरण सूरत और इंदौर में देखने को मिला है। सूरत में कांग्रेस के एक प्रत्याशी पर जान-बूझकर अपना नामांकन पत्र रद्द करवाने का आरोप लगा है और इंदौर में ऐसे ही एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है! दोनों ही प्रत्याशी, सुना है, सत्तारूढ़ दल भाजपा का दामन थाम कर अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित महसूस कर रहे हैं!

सच तो यह है कि भटकती आत्माओं को अपने दामन की सुरक्षा का अहसास देने वाले दल को भी अपने कृत्य पर कोई शर्म नहीं आती। हैरानी तो इस बात पर भी होती है कि दस साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने और 'अबकी बार चार सौ पार' का नारा लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी को ऐसी अतृप्त आत्माओं की जरूरत महसूस हो रही है! स्पष्ट है, हमारी राजनीति आज सत्ताकामी बनकर रह गयी है। सेवा के लिए राजनीति अब सिर्फ एक जुमला है। आये दिन हमारे राजनेता नए-नए जुमले उछाल रहे हैं। राजनीतिक दल लंबे-चौड़े घोषणापत्र जारी कर रहे हैं, नए-नए नाम देकर इन घोषणापत्रों को भरोसेमंद बनाने के दावे कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह भी है कि जहां तक दस साल तक राज करने के बाद भी सत्तारूढ़ दल अपने किये काम की दुहाई देने की बजाय प्रतिपक्षी की कथित कमियों के नाम पर वोट मांग रहा है, वहीं प्रतिपक्ष कोई वैकल्पिक कार्यक्रम नहीं दे रहा। कुल मिलाकर हमारा विपक्ष सत्तारूढ़ दल के आरोपों के उत्तर देने, या फिर स्वयं को बेहतर कहने तक ही सीमित लग रहा है। दोनों ही पक्ष यह तो कहते हैं कि वे जनता के हित की राजनीति में विश्वास करते हैं, पर, दुर्भाग्य से, जनता को यह विश्वास दिलाने में असफल सिद्ध हो रहे हैं कि सत्ता पाने के अलावा भी उनका कोई लक्ष्य है।

भटकती आत्माओं जैसे जुमले उछाल कर तालियां तो बटोरी जा सकती हैं, इन आत्माओं की तृप्ति के लिए आश्वासन भी दिये जा सकते हैं, लेकिन जनता के हितों को साधने वाली राजनीति का दुर्भाग्य से, अभाव अब ज्यादा खलने लगा है। हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, अगड़ी जाति-पिछड़ी जाति जैसे मुद्दों को उछालकर आज जो राजनीति की जा रही है, वह भविष्य के प्रति किसी प्रकार की आशाएं जगाने वाली तो नहीं ही है। सुना है किसी चुनावी सभा में कांग्रेसी नेता ने राजों-महाराजों के अत्याचारों की दुहाई दी थी। पलटवार प्रधानमंत्री की तरफ से हुआ। नहीं, उन्होंने यह नहीं कहा कि राजों-महाराजों की आलोचना क्यों हुई, उनकी शिकायत यह है कि राजों-महाराजों की बात करने वाले ने नवाबों-बादशाहों का नाम क्यों नहीं लिया?

हमारी राजनीति का यह गिरता स्तर निराश भी करता है और चिंतित भी। हैरानी की बात है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण जैसे गंभीर मुद्दे हमारी राजनीति में कोई जगह नहीं पा रहे। भटकती आत्माओं का सच भी किसी की चिंता का विषय नहीं है। रोजगार की बात सिर्फविपक्ष कर रहा है, और वह भी दबी जुबान से। यह सच्चाई भी किसी को परेशान करती नहीं दिखाई दे रही कि पिछले पांच साल में देश में दो करोड़ से अधिक रोजगार घटे हैं और 45 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने निराश होकर काम की उम्मीद ही छोड़ दी है। यह बात भी किसी को परेशान नहीं करती दिखती कि आर्थिक असमानताएं लगातार बढ़ रही हैं। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, गरीब और मार झेल रहे हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण की बात तो हो रही है, पर सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमिक (सीएसआईई) का यह निष्कर्ष किसी की चिंता नहीं बनता दिख रहा कि काम न मिलने से देश की महिलाएं अधिक परेशान हैं। किसी भी पार्टी का कोई नेता यह नहीं बता रहा कि 2017 से 2020 के बीच कुल कामगारों की संख्या 46 प्रतिशत से घटकर 40 प्रतिशत क्यों हो गयी है।

राजनीति की भटकती आत्माओं वाली बात सुनने में आकर्षक तो लगती है, पर हमारी राजनीति की चालों को देखते हुए यह भी एक चुनावी जुमला है। हमारे राजनेताओं ने जनता को देश का भाग्य-विधाता नहीं माना। यह भूमिका उन्होंने अपने लिए सुरक्षित रख छोड़ी है। जनता को भीड़ समझ लिया है हमारे नेताओं ने। एक ऐसी ही भीड़ जो आसानी से बहलायी-बहकाई जा सकती है। लोकतंत्र की सार्थकता की दृष्टि से यह स्थिति कतई ठीक नहीं है। जहां तक हमारी राजनीति की भटकती आत्माओं का सवाल है हकीकत यह भी है कि किसी भी रंग का राजनेता इसके दुष्प्रभाव से नहीं बचा है। हमारे लोकतंत्र को बदसूरत करने में इन सबका योगदान है। इन सब पर जागरूक जनता को नजर रखनी होगी। जनतंत्र में चुनाव राजनेताओं की ही नहीं, जनता की भी परीक्षा होती हैं। राजनेता तो हार कर भटकती आत्मा भी बन सकते हैं, पर जनता को तो सिर्फ जीतना ही होता है। जनता जीतेगी, तभी जनतंत्र जियेगा!

स्वास्थ्य और मानवता

## मसालों की गुणवत्ता व व्यापारिक कूटनीति के प्रश्न

प्रेम प्रकाश



समय और संदर्भ मिलकर साझे तौर पर हमारे देशकाल को रचते हैं। इस लिहाज से देखें तो हमारा देशकाल बीसवीं सदी के आखिरी दशक से लेकर अब तक कई ठोस निर्मितियों को लेकर आया है। हम इस पूरे दौर को देखेंगे तो कई बातें जहां साफहोती हैं, वहीं इससे हम अपने समकाल को भी ज्यादा बेहतर समझ पाते हैं। गौरतलब है कि दुनियाभर में बाजार के दरवाजे एक साथ खुलने से जो स्थिति पैदा हुई है, उसमें भारत जैसे बड़ी आबादी और उत्पादक संभावनाओं वाले देश ने बीते दो-तीन दशक में बड़ी छलांग लगाई है। अब इससे आगे की स्थिति पगबाधा दौड़ जैसी है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे खासतौर पर व्यापारिक मोर्चे पर न सिर्फ कठिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है, बल्कि विभिन्न स्तरों पर सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय लॉबी भी उसके खिलाफहै। बड़ी बात यह कि खासतौर पर कोविड बाद के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ी मजबूती ने भारत के खिलाफअघोषित रूप से अंतर्राष्ट्रीय सांठगांठ को जन्म दिया है। लिहाजा इसे व्यापारिक कूटनीति के रूप में देखना ज्यादा सही होगा। किसी एक देश के खिलाफइस तरह कूटनीतिक मोर्चा खुलना बिल्कुल नई बात है।

इसी पूरे मामले में नई खबर यह है कि भारत में बने कफसिरप पर रोक से शुरू हुआ मामला अब भारत से निर्यात हुए मसालों तक आ पहुंचा है। सिंगापुर और हांगकांग द्वारा भारत के कुछ बड़े ब्रांड के मसालों को बैन करने के बाद अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। हैरत नहीं कि बैन का फैसला अमेरिका की तरफ से भी देर-सवेर आ जाए। फिलहाल की स्थिति में एफडीए ने कहा है वह भारतीय कंपनियों को लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर गंभीर है और वह इस बाबत ज्यादा जानकारी जुटाने में लगा है। वैसे एफडीआई की जांच या किसी निर्णायक जांच या निर्देश से पहले ही अमेरिका में भारतीय मसालों को लेकर सख्ती बढ़ गई है।

आलम यह है कि बीते छह महीने में अमेरिका ने भारत की सबसे बड़ी मसाला कंपनी के 31 फीसद मसालों के शिपमेंट को लेने से मना कर दिया है। अमेरिका से भारतीय मसालों के शिपमेंट को लौटाने के पीछे फिलहाल कारण यह बताया जा रहा है कि यह फैसला साल्मोनेला संक्रमण के खतरों को लेकर लिया गया है। अलबत्ता भारतीय मसालों को लेकर अस्वीकार की स्थिति अमेरिका में नई नहीं है। बल्कि देखा जाए तो यह सिंगापुर और हांगकांग के बैन के पहले से चला आ रहा मामला है। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले साल भी भारत से आने वाले 15 फीसद मसालों को लौटाया था।

वैसे भारत और अमेरिका से आगे बढ़कर यह मामला अब मालदीव तक पहुंच गया है। मालदीव ने भारतीय मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी का कहना है कि भारत के दो मशहूर ब्रांड के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड मिला है जिसके कारण इनकी बिक्री पर रोक लगाई गई है।

इससे पहले सिंगापुर और हांगकांग ने इन भारतीय ब्रांडों के कुछ उत्पादों में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें प्रतिबंधित किया था। बताया गया कि इनमें पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। बात अंतर्राष्ट्रीय मानक और चेतावनियों की करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप वन के कार्सिनोजेन के रूप में देखती और वर्गीकृत करती है। लिहाजा इस निष्कर्ष से इनकार मुश्किल है यह लोगों में कैंसर का कारण बन सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय जगत से आई इन खबरों के बाद भारत का सक्रिय होना स्वाभाविक है। यह उसके लिए व्यापार में नुकसान से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय साख का सवाल है। लिहाजा दो देशों के बैन के घोषित फैसले के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) भी इन दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है। हालिया चर्चा में आए मसालों के दोनों ही ब्रांड देश में भी खासे लोकप्रिय हैं। बात इनकी अंतर्राष्ट्रीय साख और व्यापारिक नेटवर्क की करें तो ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में खूब प्रचलन में हैं। फूडिंग, कुकिंग और रेसिपी को लेकर प्रभावशाली तरीके से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लिखने-बोलने वालों ने यह बात बीते वर्षों में बार-बार कही है कि भारतीय मसालों ने दुनियाभर के लोगों का स्वाद बदल दिया है। यह बदलाव इतना बड़ा है कि अलग-अलग प्रकार और स्वाद वाले इंडियन करीज और इंटरनेशनल रेसिपीज का हिस्सा हैं। मौजूदा घटनाक्रम का भारत के लिए व्यापारिक महत्व कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2022-23 में भारत ने करीब 32 हजार करोड़ रुपये के मसालों का निर्यात किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची भारत से निर्यात होने वाले कुछ प्रमुख मसाले हैं।

इस बात से कतई इनकार नहीं किया जा सकता कि सेहत और उससे जुड़ी गुणवत्ता को लेकर सख्ती जरूरी है। इस मुद्दे पर किसी तरह की लापरवाही को हतोत्साहित किया ही जाना चाहिए। आखिरकार यह व्यापार से ज्यादा स्वास्थ्य और मानवता से जुड़ा संवेदनशील मसला है। पर इस मामले को हथियार बनाकर जब किसी एक देश के खिलाफकार्रवाई हो तो यह भी कहीं से न्यायसंगत नहीं है। माना जाना चाहिए कि जो स्थिति है उसमें

## बजाज आलियांज लाइफने अपने भागीदारी वाले उत्पादों के लिए की अब तक के उच्चतम बोनस की घोषणा

BAJAJ Allianz
LIFE GOALS. DONE.

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफने लगातार 23वें साल बोनस की घोषणा की है! यह उन 11.66 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों के लिए है जिन्होंने कंपनी के भागीदारी (भागीदारी) वाले उत्पादों में निवेश किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 1,383 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है जो कंपनी के इतिहास में अब तक का उच्चतम बोनस है।

बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री तरुण चुघ ने कहा, ष्हमें अपने दो दशक से अधिक के इतिहास में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर के बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह हर तरह से अपने ग्राहकों के दीर्घकालिक जीवन लक्ष्यों को सक्षम करने पर हमारे फोकस का प्रतिबिंब है। हमारी निवेश रणनीतियां हमारे बेहतरीन मूल्य वाले उत्पादों का समर्थन करती हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई हैं कि हम अपने ग्राहकों को हर साल उनके जीवन लक्ष्यों के करीब लाते जाएं। इस बोनस की घोषणा उस दिशा में एक आवश्यक कदम है। हम अपने ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेंगे और ऐसी घोषणाओं के माध्यम से हम कंपनी पर उनके भरोसे का सम्मान करते रहेंगे।श्

पारंपरिक भागीदारी (लाभ के साथ) वाली पॉलिसी के पॉलिसीधारक इस बोनस के पात्र हैं, जिसकी घोषणा भागीदारी वाले (लाभ के साथ) फंड के तहत पैदा अधिशेष (सरप्लस) के आधार पर की जाती है। 31 मार्च, 2024 तक लागू भागीदारी वाली पॉलिसी सभी इस बोनस को प्राप्त करने योग्य हैं। बजाज आलियांज लाइफफ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज इलीट एश्योर, बजाज आलियांज लाइफएस जैसे भागीदारी वाले उत्पादों के पॉलिसीधारक घोषित बोनस से लाभान्वित होंगे। वित्त वर्ष 2024 का बोनस वित्त वर्ष 2023 के बोनस से 15: अधिक है। वित्त वर्ष 2023 में यह 1,201 करोड़ रुपये था।

हर वित्त वर्ष में घोषित बोनस जमा किया जाता है और पॉलिसी की परिपक्वता या एग्जिट पर दिया जाता है। इसके अलावा, पॉलिसी की शर्तों के अनुसार विशिष्ट पॉलिसी आयोजनों पर नकद बोनस का भुगतान किया जाएगा।

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास से अनियंत्रित स्कॉर्पियो दुकान में घुसी महिला झुलसी कई घायल

अजीत सिंह /युरेशिया



जलालपुर अंबेडकरनगर। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके चपेट मे सड़क के किनारे खड़ी बाइक व मिष्ठान की दुकान में काम कर रहे लोग चोटहिल हो गए। वही कढ़ाई में बाटी बना रही दुकानदार की पत्नी झुलस गई। दुर्घटना होते ही दुकानदारों और राहगीरों ने सभी घायलों को अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंचे सीओ देवेन्द्र कुमार ने घटना का जायजा लिया।दुर्घटना जलालपुर मालीपुर मार्ग के शांतिनगर में बुधवार को सुबह घटित हुई।जलालपुर की तरफ से एक स्कार्पियो मालीपुर की तरफजा रही थी।जब वाहन शांतिनगर बाजार पहुंचा मालीपुर की तरफसे आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार अपने दाहिनी पटरी पर आ गया। स्कार्पियो चालक बाइक सवार से बचने के लिए वाहन को तेज रफ्तार से सड़क से नीचे मोड़ दिया। अनियंत्रित स्कार्पियो दुकान के सामने खड़ी बाइक को घसीटते हुए दो दुकान में लगे टीन शेड को तोड़ते व सामान को क्षतिग्रस्त करते दुर्गा प्रसाद मोदनवाल की मिठाई की दुकान में घुस कर पलट गई।इसी के अगले भाग में बाइक और ठेला फंसा रहा। स्कार्पियो की टक्कर से गर्म कढ़ाई में खौलता तेल दुकानदार की पत्नी सविता के ऊपर गिर गया। दुकानदार मालीपुर थाना के दरगाह शाह रमजान के निवासी है।देवेन्द्र किराना स्टोर पर रखा टीन शेड और नीचे रखा किराना का सामान इधर उधर बिखर गया।मिठाई की दुकान में बैठकर चाय नाश्ता कर रहे बड़ागांव के हरी श्याम मौर्य, कटका थाना के निमटिनी गांव निवासी ठेला चालक राधे श्याम मौर्य को हल्की चोटे आई।हरी श्याम की बाइक और राधे श्याम का ठेला क्षतिग्रस्त हो गया। देवेंद्र किराना स्टोर और मिष्ठान की दुकान का हजारों रुपए का सामान क्षतिग्रस्त हो गया।आनन फानन में घायल दुकानदार और उसकी पत्नी को नगपुर अस्पताल ले जाया गया। स्कार्पियो चालक प्रमोद को हल्की चोट आई और उसमे बैठे वाहन मालिक अरविंद मिश्रा निवासी जैतपुर के बिहामदपुर का पुत्र सौरभ बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार स्कार्पियो अयोध्या किसी को लेने के लिए जा रही थी। घटना स्थल का सीओ देवेन्द्र कुमार ने जायजा लिया और आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिये। अधीक्षक डा0 जय प्रकाश ने बताया कि घायलों की हालत सामान्य हैं।

## सत्ता का मोह और निर्मोही राजनीति

तिरछी नजर

शमीम शर्मा



वसीम बरेलवी का शे'र है :

उसी को जीने का हक है जो इस जमाने में

इधर का लगता रहे और उधर का हो जाये।

पता नहीं किस सरूर में यह शे'र लिखा गया होगा पर आज की राजनीति पर सौ फीसदी फिट बैठता है। पता ही नहीं कौन कब किधर हो जाता है। समझ नहीं आता व्यक्ति का मुंह देखकर वोट दें या पार्टी का। मुझे तो लगता है कि राजनीतिक पार्टी एक ऐसा शब्द है जिसके प्रति किसी की कोई लॉयल्टी नहीं होती। कोई भी किसी पार्टी को कभी भी छोड़ सकता है, रौंद सकता है, गाली बक-बक भड़ास निकाल सकता है। मलाई चाटने के बाद पार्टी के पतीले को लात मार सकता है। गोया नेता न हुआ, तीन तलाक लेने वाला पति हो गया।

जिस पार्टी के कंधे पर चढ़कर हमारे नेता विजयश्री हासिल करते हैं, वे वक्त पड़ने पर उसी पार्टी का दम भी खींच सकते हैं। घर वापसी के भाव को कलंकित कर सकते हैं।जैसे भगवान को हमारी गलतियों का ध्यान नहीं रहता और हमें उसकी मेहरबानियों का, उसी तरह अपने हिन्दुस्तान की जनता को नेताओं के वादों, इरादों और बातों का ध्यान नहीं रहता। विगत वर्षों में किये उनके कारनामें, लूट, स्कैम, ज्यादतियां हम उसी तरह भूल जाते हैं जैसे कोई विद्यार्थी परीक्षा भवन में पहुंचते ही अगला-पिछला सब याद किया भूल जाता है। स्कूल में मास्टर अपने बच्चों को एक बात बार-बार कहता है कि तुम याद क्यूं नहीं रखते, उसी तरह राजनीति का भी एक डंडाधारी मास्टर होना चाहिए जो लोगों को लताड़-लताड़ कर कहता रहे कि तुम अपने नेताओं के कुकृत्यों और झूठे वादों को याद क्यूं नहीं रखते? आंख मींचकर क्यूं वोट दे आते हो?

मटर छीलते हुए बच्चा बोला- इन्हें पहले की तरह ही दोबारा पैक कर दो। सब जानते हैं कि यह असंभव काम है। बस मौकापरस्त नेताओं को भी पैक कर दो। हालांकि यह भी असंभव काम है। चिंता मत करो कि लोग क्या कहेंगे? भवानी प्रसाद मिश्र का कथन है कि आप आलोचकों की परवाह मत कीजिये क्योंकि आलोचकों के कभी स्मारक नहीं बनते।

हर खूबसूरत लड़की के पीछे एक कामयाब क्रीम का हाथ होता है, उसी तरह लोकतंत्र की रक्षा में जनता का हाथ होता है। पर यह मत भूलना कि मतदान का दिन नेताओं के हाथ की आस्तीन में छिपे सांप से सावधान रहने का अवसर है।एक बर की बात है अक नत्थू मचलते होये अपणी मां तै बोल्या- मां, मां मन्नैं तो मेरे खात्तर एक छोरी आप्पे टोह ली है कती चांद बरगी है। नत्थू की मां रामप्यारी मात्थे पै हाथ धरकै बोल्ली- न्यूं बता पूरणमास्सी के चांद बरगी है अक अमावस के चांद बरगी?

## एक नजर..

### भगवती यज्ञशाला योगाश्रम में हो रहे निर्माण पर मंदिर सरंक्षक ने उठाए सवाल

युरेशिया संवाददाता



गंगोह के रामबाग में भगवती यज्ञशाला योगाश्रम में हो रहे निर्माण को अवैध निर्माण बताते हुए गम्भीर आरोप लगते है भगवती यज्ञशाला के सरंक्षक अश्वनी कुमार गर्ग ने जनसुनवाई से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की है

अश्वनी कुमार गर्ग का कहना है कि उन्होंने इसकी आरटीआई डाली जिससे पता चला ये पैसा ककराली मानसरोवर के लिए पर्यटक विभाग से सौंदर्य करण के लिए आया है । अश्वनी कुमार गर्ग ने कहा ये पैसा जहां के लिए आया है वही लगना चाहिए न कि कहीं और लगे।

### कुत्तों के आतंक से मोहल्ले वासी परेशान



परवीन खानम/युरेशिया

अंबेहटा। नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से नगर वासी परेशान है।आए दिन आवारा कुत्तों का झुंड किसी न किसी को अपना शिकार बना रहा है।इस संबंध में कई बार स्थानीय शासन को अवगत भी कराया किंतु कोई समाधान नहीं हो सका।बुधवार को मोहल्ला नागान में 7 वर्षीय बच्चा अनस गली में खेल रहा था कि अचानक कुत्तों के एक झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया।बच्चे के शोर मचाने पर आसपास के दुकानदारों ने कुत्ते से बच्चे की जान बचाई। इससे दो दिन पूर्व भी कुत्तों के एक झुंड ने एक बच्ची पर हमला कर दिया था।घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मोहल्ला वासी सैय्यद अनवर, सैय्यद वसीम, सलीम अहमद, वसीम अहमद, राजू,वासिल अंसारी, कलीम अंसारी ने बताया कि कुछ दिनों से कुत्ते बच्चों पर लगातार हमला कर रहे हैं।जिससे बाहर निकलने में बच्चे भी डर रहे हैं।इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार भास्कर ने कहा कि शीघ्र ही इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समाधान कराया जाएगा।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मौत



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। मंगलवार शाम भरतपुर निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को थाना प्रभारी से मिले तथा कहा कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा तब तक मृतका के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। बाद में थाना प्रभारी द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण मृतका के शव को लेकर गांव लौट गए।

बताया जाता है कि मृतका के पति रविश ने टपरी में एक प्लाट बेचा था, जिसकी रकम सरसीना निवासी रविश के साढू सुरेंद्र के पास थी, जो अब रुपये देने में आनाकानी कर रहा है। मंगलवार सुबह रविश की पत्नी नीलम अपने जीजा के घर रुपये लेने गई थी, जिसके बाद वह वहीं पर बेहोश मिली। जिसे उपचार हेतू एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मंगलवार शाम करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई। मर्तका के पति रविश ने अपने साढू सुरेंद्र व उसकी पत्नी मूर्ति पर कोई जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी पुलिस ने सब का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बुधवार शाम तक मुकदमा दर्ज ने होने किए जाने से गुस्सा आए परिजन पोस्टमार्टम के बाद सबको लेकर सीधे नागल थाने पहुंचे तथा अभी तक मुकदमा दर्ज न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध से कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक वें इसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जिस पर थाना प्रभारी ने आज शाम तक ही आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया बाद में ग्रामीण शव को लेकर गांव लौट गए।

### व्यापारियों से मिले विधायक चोरी की घटनाओं की ली जानकारी



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। बुधवार को रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने कस्बे के व्यापारियों से मिलकर कस्बे में लगातार हो रही चोरियों के शीघ्र खुलासा कराने का आश्वासन दिया। बुधवार दोपहर विधायक ने व्यापारी श्रवण तायल, मनोज कुमार ?व अरुण तायल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे तथा चोरी की घटनाओं की पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध को मौके पर बुलाकर चोरी की घटनाओं में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारी को दो दिनों में घटनाओं के खुलासा किए जाने व घटना में संलिप्त लोगों को जेल भेजे जाने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापारियों ने कस्बे में हाईवे पर स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने, मेन बाजार में पुलिस गश्त बढ़वाए जाने व बस स्टैंड से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान हरीश त्यागी, कपिल डाबर, सतीश तायल, मुकेश माहेश्वरी, राजीव त्यागी, मनमोहन सिंह, विकास चौधरी, इतेश नौसरान, राजकरण प्रधान, बिरम सिंह, मोनू तायल, प्रवीण गुप्ता, गंगाराम, दीपक वालिया, मनोज वालिया आदि रहे।

# नकुड में 26 मई को मनाया जाएगा भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सवः रोहित कौशिक

विकास शर्मा /युरेशिया



नकुड़। ब्राह्मण समाज की एक बैठक का आयोजन ब्राह्मण धर्मशाला नकुड चंद्रपाल खेड़ी में किया गया बैठक की अध्यक्षता मास्टर शिवचरण शर्मा ने की संचालन युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक ने किया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए सभी ने ब्राह्मण बंधुओ ने रणनीति बनाई जिसमें ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ लोग युवा साथी उपस्थित रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप शर्मा अध्यना जी को बनाया गया ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा प्रदीप शर्मा कहा कि आगामी 26 मई को नकुड में भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा एवं ए मेधावी छात्र-छात्राएं हाई स्कूल इंटर मीडियम के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा बैठक में उपस्थित रहे जगदीप शर्मा एडवोकेट संतोष शर्मा सुशील शर्मा रोहित शर्मा पदम नगली विकास शर्मा पत्रकार दीपक शर्मा कमलकांत शर्मा हिंदू नेता शुभम शर्मा रणदेई गौरव शर्मा अशोक शर्मा विशाल शर्मा शेखर शर्मा तुषार शर्मा कृष्णा शर्मा धर्मेंद्र शर्मा अवनीश कुमार शर्मा सौरभ शर्मा आचार्य जी संजय शर्मा जी अरविंद शर्मा जी विकास आचार्य कमलकांत शर्मा दीपक शर्मा संदीप शर्मा अमित शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे

## थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा अवैध असलाह के साथ 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त सुनील उर्फ गोरा पुत्र रामकुमार निवासी मौ0 श्याम विहार कालौनी सहारनपुर को मौ0 प्रकाश लोक के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया ।जिसके कब्जे से 01 देशी पिस्टल, 01 जिन्दा कारतूस / 01 खोखा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुए। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वही दूसरा प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर 01 शातिर अभियुक्त नदीम उर्फ लम्बू पुत्र शकील निवासी एकता कालौनी सकूरी मस्जिद थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर को कच्चे 62 फुटा के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 141/2024 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मात्र एक साल में ही खराब हो गया महिंद्रा बैकहो लोडर-ग्राहक ने खटखटाया कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा

विकास शर्मा /युरेशिया



सहारनपुर ।एक साल में ही खराब हो गया महिंद्रा बैकहो लोडर-ग्राहक ने खटखटाया कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा सहारनपुररूआपने वह वाली कहावत जरूर सुनी होगी कि ऊंची दुकान और फीके पकवान.यह कहावत चरितार्थ की है महिंद्रा जैसी ऊंची कंपनी की एक बैकहो लोडर मशीन ने जो लगभग 1 साल में ही खराब हो गई है.रामपुर मनिहारान निवासी पूर्व चेयरमैन प्रदीप चौधरी के बेटे दिग्विजय चौधरी ने पिछले साल फरवरी माह में लगभग 31 लाख रुपये की कीमत का एक महिंद्रा बैकहो लोडर खरीदा था.दिग्विजय चौधरी के अनुसार मशीन खरीदने के 2 महीने बाद ही उसमें तकनीकी खराबी आनी शुरू हो गई थी.कंपनी से इंजीनियर आता था और उसे ठीक करके चला जाता था.अब मशीन की गारंटी समाप्त होने के बाद उससे धुआं निकलना शुरू हो गया जिसकी शिकायत उन्होंने कंपनी के उच्च अधिकारियों से की.शिकायत के बाद इंजीनियर मशीन को ठीक करने के लिए पहुंचा और मशीन की सर्विस और टर्बो चेंज करके चला गया जिसमें लगभग 40,000 रुपये का खर्चा आया लेकिन मशीन का धुआं निकलना फिर भी बंद नहीं हुआ. दिग्विजय चौधरी ने फिर से कंपनी के उच्च अधिकारियों को शिकायत की और कंपनी से इस बार हेड इंजीनियर मशीन को देखने के लिए आया. इंजीनियर ने मशीन को देखने के बाद बताया कि इसका तो इंजन खराब हो गया है.दिग्विजय चौधरी का कहना यह है कि मशीन खरीदने के 2 महीने बाद से ही वह कंपनी से इसके खराब होने की शिकायत कर रहे थे लेकिन कंपनी के इंजीनियर हर बार मशीन को ठीक करने के बाद तसल्ली देकर चले जाते थे.अब हेड इंजीनियर ने मशीन का इंजन ही खराब बता दिया है.दिग्विजय चौधरी का कहना है कि महिंद्रा कंपनी ने उनके साथ धोखा किया है और अब आलम यह है कि कंपनी के जिम्मेदार लोग फोन भी नहीं उठा रहे हैं.दिग्विजय चौधरी का कहना है कि 1 साल में ही उनके लगभग 31 लाख रुपए बर्बाद हो गये हैं.उन्होंने बताया कि महिंद्रा कंपनी का बड़ा नाम सुनकर उन्होंने यह मशीन खरीदी थी लेकिन कंपनी के आचरण को देखते हुए न केवल उनका विश्वास टूटा है बल्कि उनकी नजरों में यह कंपनी बेहद घटिया किस्म की है.दिग्विजय चौधरी ने थक हार कर महिंद्रा कंपनी और डीलर के खिलाफ कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है ।

## प्रत्येक गांव में महाराणा प्रताप जयंती मनाने का किया आह्वान

अश्वनी कुमार/युरेशिया



नानौता। मिशन कैराना लोकसभा की मेजर समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष ठाकुर रामभूल सिंह पुंडीर के निवास पर आयोजित हुई। जिसमे वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती 9 मई को प्रत्येक क्षत्रिय ग्राम में मनाने का निर्णय लिया। बुधवार को समिति के अध्यक्ष रामभूल सिंह ने लोगों से अपने गांव में कोई एक स्थान निश्चित कर महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण करने का आह्वान किया। उन्होंने सर्व समाज को कार्यक्रम में बुलाकर माल्यार्पण का अवसर प्रदान करने का भी आह्वान किया। उन्होंने सभी से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए जुलूस आदि निकालने से बचने की अपील की। साथ ही समिती के संयोजक डा. विक्रम सिंह पुंडीर ने 9 मई को बराडा जिला अम्बाला (हरियाणा) में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती आयोजन में प्रत्येक गांव से अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की। इस दौरान नेत्रपाल सिंह चौहान, राकेश पुंडीर, ठाकुर अजब सिंह, विजेंद्र राणा, विनोद राणा, प्रीतम राणा, डा दिनेश पुंडीर, ठाकुर राज सिंह, शक्ति सिंह, अभिषेक आदि रहे।

# थाना देवबन्द पुलिस द्वारा ड्यूटी के दौरान उ0नि0 पर जानलेवा हमला करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का पंच, 01 सुआ व 01 मोटरसाइकिल बरामद



प्रदीप धीमान /युरेशिया

सहारनपुर। दिनांक 30.04.2024 को वादी उ0नि0 विनोद कुमार ने थाना देवबंद पर एक लिखित तहरीर बाबत देवबंद मेला ड्यूटी के दौरान मोटर साईकिल सवार 3 व्यक्तियो द्वारा उसको जान से मारने की नियत से लोहे के पंच व सुआ से मारपीट करने के संबंध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0-214/24 धारा 333/353/324/307/504 भादवि बनाम 1. नीटू पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात 2. धर्म पुत्र अज्ञात व निवासी अज्ञात 3. एक अन्य व्यक्ति अभियोग पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा ने उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर जनपद में अपराध नियंत्रण, घटना में शामलि अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए। इसी आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्तगण 1. नीटू पुत्र रमेश नि0 ग्राम कुरलकी थाना देवबंद, 2. धर्म पुत्र रणवीर नि0 ग्राम रण्मलपुर थाना नागल जिला सहारनपुर को माता बाला सुंदरी देवी मेला के मैन गेट के पास से को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 लोहे का पंच, 01 सुआं व 01 मोटरसाईकिल UP 11 BY 2938 बरामद हुई। बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायाल के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 मनाजिर हुसैन, उ0नि0 प्रकाश चन्द, हे0का0 प्रदीप शामिल रहे।

## आईआईएमटी कॉलेज में किए गए मेधावी सम्मानित

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। बुधवार को आईआईएमटी कॉलेज में क्षेत्र के इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मेधावियों को ग्लोबल स्टार की उपाधि देते हुए पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ पूनम शर्मा, डॉ अंजू वालिया, बिजेंद्र दीक्षित, जगपाल दत्त, सुधीर चौहान, बृजेश त्यागी, पंकज कुमार राजपूत, संतोष धीमान, राम किशोर, विपुल कुमार, संदीप शर्मा, अश्विनी शर्मा रहे।

## स्कूल के बाहर खडी बाइक चोरी

मोमीन अली/युरेशिया




नागल। मीरपुर मोहनपुर निवासी नीतीश वालिया ने दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज की ऊपरी बिल्डिंग में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र खोल रखा है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह अपनी बाइक स्कूल के बाहर खड़ी कर सेंटर में चला गया था। दोपहर करीब एक बजे जब वह वापस आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। जिसे काफी तलाश किया गया लेकिन नहीं मिली। नीतीश ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका व मैटर्न को जिला महिला चिकित्सालय के हौसला तरंग सेंटर में दी गई विदाई

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। डॉ ज्योत्सना कुमारी, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका एवं श्रीमति मोनिका अग्रवाल मैटर्न को सेवानिवृत्त कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय के हौसला तरंग सेंटर में विदाई दी गई। जिला महिला चिकित्सालय में डॉ0 राकेश कुमार शर्मा कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिक पद पर कार्यरत है, आपके निर्देश पर विदाई कार्यक्रम रखा गया। मंच का संचालन राकेश कुमार सिंह फर्मासिस्ट डेड स्टॉक स्टोर इंचार्ज एवं गिफ्ट एवं स्वागत में मिस संगीता प्रसव विभाग इंचार्ज, मिस नुपुर (हा.मनेजर) द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला महिला चिकित्सालय के अधिकारी गणध्चिकित्साधिकारी, नोडल, एवं स्टाफ उपस्थित होकर सम्मान ,उपहार के साथ-साथ अपने स्नेह वचन कहे।डॉ सुभाष पूर्व पीएमएस अध्यक्ष द्वारा भी एसआईसी को मोमेंटो देकर एवं सफल कार्यो के बारे में कहते हुए विदाई दिया। डॉ. संजीव कुमार त्यागी रेडियोलोजिस्ट द्वारा बताया गया कि जब हमें कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका का पद दिया गया था उस समय हमारे ऊपर जिला महिला एव प्यारे लाल दोनों रेडियोलोजी डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी के साथ यह कर्तव्य भी निभाना था। एसआईसी मैडम ने जब कार्य संभाला और अच्छी प्रकार चलाया भी, आप स्वस्थ, निरोग रहे यही कामना हैं। डॉ0 योगिता करवल एवं मिस नुपुर ने संगीत गीत के माध्यम से विदाई दी, विदाई के मौके पर अधिकतम स्टाफगमगीन था, रिटायर होने के परिवारजन भी उपस्थित थे उन्होंने भी अपनी बात रखते हुए यह कहा कि रिटायरमेंट के उपरांत नई उम्मीदों के साथ सवेरा होगा ,वह सपोर्ट के साथ ख्याल भी रखेंगे मंच संचालन के द्वारा राकेश कुमार सिंह ने सभी उपस्थित जन को सेवानिवृत होने वाले के बारे संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ ज्योत्सना कुमारी पत्नी डॉ राजीव रंजन एसआईसी के पद से सेवानिवृत हो रही हैं इनका जन्म 4/4/1962 को हुआ था, आपके प्रशासनिक सेवाओं में 34 वर्ष पूर्ण हो गए है, आप 15/10/1990 को सेवा में आई, आपकी प्रथम पोस्टिंग 15/10/1990 से 1993 तक अधीन सीएमओ उन्नाव थी, फिर जालौन, एटा, उन्नाव, कानपुर, बुलंदशहर एवं तत्पश्चात जिला महिला चिकित्सालय में आपने सराहनीय योगदान दिया है। आपने अपने माता पिता की सेवा एक बहुत अच्छे पुत्र से भी ज्यादा की है यह हम सभी ने देखा है, आपकी 02 बेटिया श्रीमति गार्गी रंजन एवं डॉ गरिमा रंजन है जो मैडम का अब ख्याल रखेंगी। आपने जिला महिला चिकित्सालय में एसआईसी पद पर बहुत कार्य किया जिसमे प्रमुख-चिकित्सालय में 16 4 आईपी सीसीटीवी कैमरे की स्थापना जो महानिदेशालय लखनऊ के होप से कनेक्ट है जिसकी रेगुलर मोनिटरिंग लखनऊ से दिन-रात होती है। एस.एन.सी.यु में सीपीएपी 02 मशीन की स्थापना जो जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं में विभिन्न श्वास संबंधी समस्याओं (समय से पहले जन्म, मेकोनियम एस्पिरेशन, हाइलिन झिल्ली रोग, नवजात शिशु की क्षणिक टैचीपनिया, आदि) के लिए किया जाता है, चिकित्सालय में मल्टी-पैरामोनिटर, प्रसव विभाग ओंपीडी एरिया ,एसएनसीयु, पिओंपी, जनरल वार्ड में पी.ए सिस्टम द्वारा चिकित्सीय स्टाफ एवं रोगियों लाभार्थी के तीमारदारों में आवश्यक सन्देश पहुचने ,चिकित्सालय में साफ सफाई, हीट वेवध्लू से बचाव, महत्वपूर्ण सन्देश देने के लिए स्थापना। लेबर रूम में प्रसव के समय इमरजेंसी अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था , विद्युत जाने एवं जेनसेट स्टार्ट होने के बीच प्रकाश आवश्यक फैन हेतु इन्वर्टर एवं वार्ड में बड़े कूलर की व्यवस्था कराया जाना महत्वपूर्ण है। डॉ0 राकेश कुमार शर्मा का0 प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिक के पदभार लेने के पश्चात डॉ ज्योत्सना कुमारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका पद पर रहते हुए जिस रोगियों हित में महानिदेशालय एव उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित किया है, जो होने है जिसमे-चिकित्सालय का नवीनीकरण एवं उच्चीकरण करने के साथ ,कटे-फ्टे गद्दे को बदलना , स्वच्छ पेयजल हेतु नए वाटर कूलर ,मेन आर ओं सिस्टम लगाने , लाभार्थीयो के लिए आयुष्मान .पी.ओं.पी ,जनरल वार्ड, मेजर ओंटी, लेवर रूम नए ए.सी. लगाना जो सदेव महसूस विगत साल से होती रही है। सिविल कार्यो में सड़क उच्चीकरण, बौनड्री वाल, आवासीय एरिया का रेनोवेशन ,पार्क का निर्माण ,दोनों गेट निर्माण ,ड्रेनेज एवं शौचालय के पाईप लाईनो को बदलने के साथ-साथ चिकित्सालय के गेट ,जमीनों पर हो रहे अतिकर्मण को खाली करने के साथ साथ चिकित्सालय का सौन्दर्यीकरण जिलाधिकारी एवं उच्च अधिकारी के निर्देश सहयोग में किया जायेगा जिससे यह चिकित्सालय मंडल ही नहीं प्रदेश में भी पहचाना जायेगा। डॉ0 राकेश कुमार शर्मा ने विदाई समारोह में कहा कि हम सभी लोग आपके स्वास्थ्य और खुशी की कामना करते है। आपके आगे एक रोमांचक और उज्ज्वल नया अध्याय होगा-एक ऐसा समय जब आपके पास विश्राम के असीमित क्षण है। मैटर्न श्रीमति मोनिका अग्रवाल (जिला महिला चिकित्सालय में 13/07/202 -30/04/2024 तक मैटर्न पद पर) आपका जन्म मुरादाबाद जनपद में 29/4/1964 को हुआ था, आप 4 बहने एक भाई है ,आपके परिवार में 02 प्यारे बेटे सौरभ, विनय अग्रवाल है, आप दोनों सफल बिजनेस मैंन है बड़ा बेटा यूएस तो छोटे बेटे ने यही इंडिया में अपनी फैक्ट्री स्थापित कर रखी है, आपने अपना जनरल नर्सिंग कोर्स मेडिकल कॉलेज में 1981 से 1984 तक करने के उपरांत मिडवाईफरी कोर्स आगरा से किया है। 13/01/1986 पुलिस हॉस्पिटल मेरठ एवं प्यारे लाल में से स्टार्ट किया है आपने फिर स्थान्तरण सीएचसी सहारनपुर में, स्थान्तारण मुरादाबाद, पुनः जिला चिकित्सालय सहारनपुर एवं 13/07/2022 को जिला महिला चिकित्सालय में शामिल हुई, आप स्वस्थ निरोग, खुशहाल माहौल में बेदाग छवि के साथ आज सेवा निवृत होकर अपने घर पानीपत में जा रही है। चिकित्सालय के पूर्व एवं वर्तमान का. सेवानिवृत अधीक्षिका ,मैट्रन ने धूमधाम से स्टाफसंग उनके परिवार जन को गाड़ी में बिठाकर विदा किया।

## स्टेट हाईवे पर पलटा भूसे का ट्रक, यातायात अवरुद्ध

मोमीन अली/युरेशिया



नागल। बुधवार दोपहर स्टेट हाईवे पर भूसे से भरा एक ट्रक पलटने से कई घंटे यातायात अवरूध रहा। बाद में दूसरा ट्रक मंगा कर उसमें भूसा भरा गया। उसके बाद करीब 4 घंटे बाद यातायात सुचारू हुआ। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे भूसे से भरा एक ओवरलोड ट्रक संत रविदास आश्रम के निकट अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही ट्रक में भरा भूसा सड़क पर फैल गया, जिससे हाईवे की एक साइड अवरुद्ध हो गई। जो थोड़ी बहुत जगह साइड में थी वहां से होकर कारें व दुपहिया वाहन निकलते रहे। ? करीब 4 बजे बिखरे भूसे को दूसरे ट्रक में लादकर पलटे ट्रक को सीधा किए जाने के बाद यातायात सुचारू हो सका।


**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मणिकांत वत्स (सहारनपुर) | मो0: 9759178755 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| भवानी सिंह सैनी (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0: 8077518294 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |

एक नजर..

## मजदूर दिवस पर दी जागरूकता




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की उन्नत भारत अभियान टीम ने ग्राम भोला ब्लॉक जानी में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। इस दिवस पर उन्नत भारत अभियान की टीम ने ग्राम वासियों को मजदूरों के अधिकार के बारे में जागरूक किया और उन्हें समाज में न्याय और सम्मान दिलाने की बात कही और उन्हें 8 घंटे से अधिक कार्य न करने की बात पर भी चर्चा की। और उनके कार्य स्थल पर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर भोला गांव के प्रधान ने अपना सहयोग दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भोला गांव के मजदूरों को अपने अधिकारी के बारे में नई-नई जानकारी प्राप्त हुई और उन्होंने कार्यक्रम को बहुत पसंद किया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर राहुल सिरोही रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा संकाय के डीन प्रोफेसर संदीप कुमार तथा विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनोज राज ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉक्टर जी के थपलियाल तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर शल्या राज ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

## डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में सहायक वर्ग का किया गया सम्मान




युरेशिया संवाददाता

मेरठ।बुधवार को डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर में श्रमिक दिवसश् का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक वर्ग को ससम्मान मंच पर आमंत्रित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

श्रमिक दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं की श्कृतिकाश् ने श्रम एवं सहायक वर्ग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात डी ए वी स्कूल में कार्यरत प्रत्येक सहायक को मंच पर ससम्मान आमंत्रित किया गया तथा उन्हें नन्हे- मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से बनाए कार्ड प्रदान करते हुए उनका अभिवादन किया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा जैन तथा समस्त सुपरवाइजर्स ने सहायक वर्ग को भेंट प्रदान की। डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल्स यूपी, जोन - ए) ने अपने संदेश में समस्त सहायक वर्ग को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए उनकी सराहना की।

## दो पक्षों में झगड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला श्याम नगर गली नंबर 6 निवासी शम्मी पुत्र शब्बा निवासी मोहल्ला श्याम नगर गली नंबर 6 और मोहल्ले के ही निवासी परवेज व तनसीर पुत्रगण इदरीश के बीच किसी बात को लेकर गाली गलौज और मारपीट हो गई।लिसाड़ी पुलिस ने दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर धारा 151 के अंतर्गत चालान कर जेल भेज दिया।

## प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

आकाश कुमार / युरेशिया

मेरठ। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई के अवसर पर हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चे व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मजदूरों के हक की आवाज को उठाने वाले गैर सरकारी संगठन सुरक्षा फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में सप्रेम भेट कर सम्मानित किया गया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार गौतम, राष्ट्रीय महासचिव सौरव गुप्ता, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी देवी दास, नरेश पूर्व छात्र नेता, एडवोकेट दर्शन सिंह, ग्राम प्रधान अजय सागर आदि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आर्मी पब्लिक स्कूल, मेरठ कैंट में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने स्वनिर्मित कार्ड व बैज अपने नन्हें हाथों से उन्हें उपहार स्वरूप भेंट करके आभार प्रकट किया। प्रातःकालीन सभा भी इन्हीं सहयोगिजन को समर्पित थी। जिसमें बच्चों ने अपने सुंदर नृत्य, कविता व भाषण से सभी का मन मोह लिया। सभी महिला व पुरुष कर्मियों के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती रीटा गुप्ता ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों को उनके योगदान के बारे में बताते हुए सभी का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाध्यापिका श्रीमती ममता सिंह ने भी उनके अथक परिश्रम की सराहना करते हुए सभी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में कर्नल मनीष कुमार, उप प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष डोभाल ,श्रीमती प्रीति त्यागी व श्रीमती शालिनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लिबरल आर्ट्स एवं ह्यूमैनिटीज विभाग में विदाई समारोह का आयोजन





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स एवं ह्यूमैनिटीज विभाग में बी.ए. के छात्रों द्वारा एक विदाई पार्टी ष्सेंड ऑफबैशष् का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मदन मोहन मालवीय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीन डॉ. सुधीर त्यागी, सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के वाइस प्रिंसिपल डॉ. श्रवण गर्ग, लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभाग के प्रमुख डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी और विभाग के अन्य संकाय सदस्यों और छात्रों की शुभ उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद बी.ए. के छात्रों द्वारा सरस्वती गान किया गया। विदाई पार्टी में पारंपरिक नृत्य, गीत, नाटक और बहुत कुछ सहित विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। प्रत्येक कार्यक्रम खंड को छात्रों की प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के साथ-साथ दर्शकों के लिए मनोरंजन और आनंद प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। नृत्य प्रस्तुति कायनात खान, बी.ए. द्वारा थी। प्रथम वर्ष की छात्रा, उसने महाभारत गीत पर जबरदस्त ऊर्जावान प्रदर्शन किया, इस अभिनय की तालियों से सभागार गूंज उठा और उसे खड़े होकर तालियाँ दी गई। नबीहा ने परफॉर्म किया, दामिनी ने पारंपरिक हरियाणवी गानों पर बेहद खूबसूरत अंदाज में डांस किया. उसके भाव मुद्दे पर थे। गुंजन चौधरी ने हरियाणवी गानों पर परफॉर्म भी किया. कायनात खान, मंजीत गोस्वामी, अतुल कौशिक और गुंजन चौधरी ने भी ग्रुप डांस दिखाया। यह एक मजेदार डांस परफॉर्मेंस थी और पूरे परफॉर्मेंस के दौरान हॉल हंसी से गूंज उठा। मंजीत गोस्वामी और अतुल कौशिक ने भी ष्श्रीराम जानकीष् गीत पर भक्ति पूर्ण प्रदर्शन किया और उन्हें दर्शकों से तालियाँ मिलीं। इसकी सभी ने खूब सराहना की. जिन विद्यार्थियों को विदाई मिली, उनमें निकिता सिरोही, अंशू कुमारी, निकिता और श्रेया ने भी प्रदर्शन किया।

छात्रों ने विदाई लेने वाले छात्रों के लिए भी खेलों का आयोजन किया है जैसे कि कौन किसको बेहतर जानता है, इसे निकिता सिरोही और पेमा देचेन और डोली और पायल सहाय ने खेला था। हुजैफा, कायनात, अनिष्का, अर्श, पुनीत, शिवानी और अतुल कौशिक नाम के छात्रों ने लघु नाटिका भी प्रस्तुत की।

प्रस्तुतियों के बाद, सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष के उज्जवल को दिया गया, उन्हें पुरस्कार डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी और डॉ. अमृता चौधरी द्वारा प्रदान किया गया, मिस फेयरवेल निकिता सिरोही को दिया गया और मिस्टर फेयरवेल वासु सागर को दिया गया। सम्मानित एचओडी डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी और सभी संकाय सदस्य। निकिता और श्रेया को ताज पहनाया गया। उन दोनों को विभाग की राजकुमारी की उपाधि दी गई थी। बीए3 और एमए 2 के सभी विद्यार्थियों को उपाधियाँ, विशेष रूप से उनके लिए बनाया गया एक विशेष उद्धरण और एक उपहार दिया गया। इसलिए सभी विद्यार्थियों को अपना विदाई दिवस विशेष महसूस हुआ। डॉ. मोनिका मेहरोत्रा, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. दुर्वेश पुंडीर, डॉ. नियति, डॉ. मानस कांडी और डॉ. जैसे सभी संकाय सदस्यों द्वारा उपाधियाँ वितरित की गईं। एचओडी डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए प्रेरित किया और कहा कि करियर सेटलमेंट के लिहाज से यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण समय है और उन्हें उसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विभाग में छात्रों की यात्रा को भी याद किया और छात्रों के साथ कुछ यादें साझा कीं। भाषण देते वक्त वे भावुक हो गये और कहा कि वे हमेशा विभाग का अभिन्न अंग बने रहेंगे. उन्होंने उन्हें आसमान की ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अमृता चौधरी ने विभाग के छात्रों के लिए ष्मेरे प्यारे बच्चोंष् शीर्षक से कविता सुनाई। अन्य संकायाध्यक्षों में डॉ. अमित एवं डॉ. मानस उपस्थित थे। एवं सभी विभाग के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। गुंजन, प्रियांशी व आयुषी द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई। एंकरिंग लाइबा, कायनात और श्रेय अत्री ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अमृता चौधरी ने किया।

# वैंकटेश्वरा में 'शिक्षक सम्मान समारोह-2024' एवं 'राष्ट्रीय शिक्षक संगोष्ठी' का शानदार आयोजन

**देश के विभिन्न हिस्सों से आये चार सौ से अधिक (422) सम्मानित शिक्षकों को शॉल, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित**

**देश के भाग्य विधाता- नवभारत के निर्माता' सम्मानित शिक्षकों को विश्वविद्यालय के मंच से सम्मानित करते हुए हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है- डा. सुधीर गिरि,**

**आने वाले भविष्य का भारत कैसा होगा, ये केवल आप सभी सम्मानित शिक्षकों द्वारा नयी पीढ़ी को दी जाने वाली शिक्षा, दीक्षा एवं संस्कारों द्वारा ही परिलक्षित होगा' - डा. राजीव त्यागी**





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय ' संस्थान में वैंकटेश्वरा शिक्षक सम्मान-2024' एवं 'संस्कार युक्त शिक्षा से शिखर की ओर भारत' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पधारें शिक्षाविदों ने एक सुर में संस्कार युक्त शिक्षा के बल पर भारत को फिर से दुनिया का सिरमौर बनाने की पुरजोर वकालत करते हुए 'नवभारत निर्माण' में शिक्षकों की भूमिका को सर्वोच्च बताया। समारोह में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पधारें चार सौ बाईस (422) शिक्षकों को शॉल, स्मृति चिन्ह, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान के डा. अब्दुल कलाम आजाद सभागार में आयोजित' वैंकटेश्वरा शिक्षक सम्मान समारोह- 2024' एवं 'संस्कार युक्त शिक्षा से शिखर की ओर भारत' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि आचार्या सुमेधा दीदी, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति डा. ए. के. शुक्ला, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक' साहित्यकार डा. यतीन्द्र कटारिया आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथिध् वक्ता विख्यात गुरुकुल चोटीपुरा की आचार्या डा. सुमेधा दीदी ने कहा कि शास्त्रों में भी गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर रखा गया है, आने वाला भारत कैसा होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि युवा पीढ़ी को आपके द्वारा दी जाने वाली शिक्षा, दीक्षा एवं संस्कारों का स्तर क्या होगाद्य बच्चों को जिद करने पर आप उन्हें एक 'उपहार' ना दिलाये, तो वो एक बार ही रोयेगा, लेकिन यदि उसे सही 'संस्कार' नही दिलाये गये तो वो पूरे जीवन रोयेगाद्य इसलिए राष्ट्र निर्माण में संस्कार युक्त शिक्षा का समावेश नव भारत निर्माण में सबसे अहम है। एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को कुलपति डा. ए. के. शुक्ला, डा. यतीन्द्र कटारिया, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, एस.एस. बघेल, अरुण गोस्वामी, तरुण काम्बोज, प्रशांत दहिया एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, मारुफचौधरी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम का शानदार संचालन डा. वर्षा यादव एवं प्रशांत कुमार ने किया।

# आईआईएमटी समूह ने किया श्रमिकों का सम्मान

**अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आईआईएमटी समूह के एमडी डॉ0 मयंक अग्रवाल ने श्रमिकों को उपहार व मिष्ठान वितरित किये**



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आईआईएमटी विश्वविद्यालय में श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआईएमटी समूह के एमडी डॉ0 मयंक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा की समूह में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक आईआईएमटी परिवार का अभिन्न अंग है जो समूह के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। आवश्यक सेवाओं में सहयोग करने के साथ विश्वविद्यालय को सुंदर बनाने तक के कार्य में कड़ी मेहनत और और लगन से कार्य करने वाले श्रमिक सम्मान के हकदार हैं। एमडी डॉ0 मयंक अग्रवाल ने श्रमिकों को उपहार व मिष्ठान वितरित किये। कार्यक्रम आयोजन में निदेशक प्रशासन डॉ0 संदीप कुमार, वित्त नियंत्रक नीरज मित्तल का विशेष योगदान रहा।

# बसखारी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी चार मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**गिरफ्तार किए गये अभियुक्तों के कब्जे से 56.80 ग्राम स्मैक बरामद**




युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी पुलिस ने बुधवार को चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 56.80 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 60 लाख बताई जा रही है। बताते चलें कि अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश द्वारा चलाए जा रहे अभियान व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे तथा क्षेत्राधिकार नगर सुरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन पर बसखारी निरीक्षक संत कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ गस्त पर थे, कि किसी इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जलालपुर रोड पर अवैध स्मैक के साथ चार लोग खड़े हैं। पुलिस टीम ने आनंन फानन में पहुंचकर घेराबंदी कर दी पुलिस को देखकर चारों अभियुक्त भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए चारों अभियुक्तों की पहचान 45 वर्षीय रामकेश पुत्र रामदेव निवासी वासुदेव नगर किछौछा, 28 वर्षीय अनीस कुमार पुत्र स्व0 जगमोहन निवासी जैनापुर हालपता वासुदेव नगर किछौछा ,40 वर्षीय फक्रे आलम पुत्र अलाउद्दीन निवासी दरगाह रसूलपुर, 26 वर्षीय मो0 आलम पुत्र मो0 मुस्लिम निवासी चूंगी (दरगाह) किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर के रूप में हुई। चारों शातिर अभियुक्तों को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक प्रेम बहादुर यादव,बलवंत सिंह,किछौछा चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा अंडर ट्रेनिंग उपनिरीक्षक वंदना सरोज,वंदना मौर्य,मुख्य आरक्षी सौरभ यादव,कुलदीप सिंह, आदर्श सिंह,अमित चौरसिया, संजय यादव शामिल रहे। इस संदर्भ में बसखारी प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये चारों आरोपियों के विरुद्ध मादक द्रव्य निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करके उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में श्रमिकों का सम्मान किया गया



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में श्रमिक दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपने स्कूल में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए सुंदर कविताएं, साथी हाथ बढ़ाना गाने गाकर एवं सुंदर लघुनाटिका प्रस्तुत कर उनकी

जीवन में महत्ता बताकर सबका मन मोह लिया। साथ ही श्रमिकों को तोहफे व ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित भी किया गया । प्रधानाचार्य डॉ0 कर्मेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर श्रमिक दिवस के महत्व को समझाते

हुए कहा कि कोई इंसान छोटा बड़ा नहीं होता। शिक्षा प्राप्त करके कोई भी व्यक्ति ऊँचे से ऊँचे स्थान को प्राप्त कर सकता है व जीवन में आगे बढ़ सकता है। लेकिन श्रमिकों का भी हमारे जीवन में बहुत महत्व है हमकों आगे बढ़ाने में इनका भी योगदान रहता है। अंत में सभी शिक्षकों व बच्चों का भी आभार व्यक्त किया।

## कर्तव्य ने किया मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय प्रेम, मानव सेवा तथा सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पित संगठन कर्तव्य द्वारा मंगलवार को मजदूर दिवस पर थापर नगर स्थित कार्यालय में श्रमिकों (मजदूरों) का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कर्तव्य के महासचिव सरदार रणजीत सिंह जस्सल तथा उपाध्यक्ष सरदार परविन्द्र सिंह ईशू ने मुन्ना लाल, दौलत राम, सुशील कुमार, छोटे लाल तथा संजय को पुष्प माला पहनाते हुए स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा जलपान की भी व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर जयकरण भूटानी, विभम मल्होत्रा, बिट्टू सैफी, रविन्द्र सिंह, राजीव सोनकर आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)